abp गंगा

# Ballia News: बलिया बॉर्डर के पास नकली खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन के खिलाफ FIR दर्ज

Fake fertilizer Factory Busted in Ballia: बलिया बॉर्डर के पास नकली खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. छापेमारी में 200 बोरी बालू (काली रेती) और 100 बैग डीएपी के अलावा सिलाई मशीन जब्त की गई है.

By: अजय भारती | Updated : 22 Nov 2021 10:34 PM (IST)

FOLLOW US:



**Ballia Fake Fertilizer Factory:** बलिया के जिला कृषि अधिकारी (Ballia District Agriculture Officer) ने गोपनीय सूचना पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. उन्होंने औचक छापेमारी के दौरान नकली उर्वरक (Fake fertilizer) की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. छापेमारी में 200 बोरी बालू (काली रेती) और 100 बैग डीएपी के अलावा सिलाई मशीन जब्त की गई है. नकली खाद की फैक्ट्री बलिया बॉर्डर के पास संचालित हो रही थी. घटना मऊ जनपद के बेलउजा के मोहन सराय गांव की है. मौके पर नवरत्न कंपनी (Navratna Company) के आईपी डीएपी और पीपीएल की अवैध रूप से पैकिंग हो रही थी.

## बलिया में नकली खाद फैक्ट्री का भंडोफोड़

जिला कृषि अधिकारी विकेश कुमार पटेल (Vikesh Kumar Patel) ने बताया कि मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एनएसए की कार्यवाही की जा रही है. पुलिस फैक्ट्री के सरगना समेत 2 फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुट गई है. जिला कृषि अधिकारी के मुताबिक नवरत्न कंपनी की नकली आईपी डीएपी और सीपीएल की पैकिंग करते हुए नकली रॉ मटेरियल बरामद किया गया है. उन्होंने कहा कि घटना की जगह मऊ में पड़ने की वजह से तत्काल प्रशासन के संज्ञान में दे दिया है और संबंधित थानाध्यक्ष को कार्यवाही करने के लिए कहा गया है.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/ballia-news-fake-fertilizer-factory-busted-near-ballia-border-fir-registered-against-three-acussed-ann-2003196